अणुसंकेत (E-mail) : shodhnavneet@gmail.com
चलभाष (contact us) : +91-7800193920

Shodh Navneet (International Refereed Research Journal)
ISSN : 2321-6581, Impact Factor : 3.082, Vol. XII, Jan. - June - 2019

भारतीय संस्कृति में पुरुषार्थ : एक चिन्तन

डॉ. रणधीर कौशिक*

मानव जीवन के सर्वाङ्गीण विकास में जीवन मूल्यों का महत्त्व सदैव रहा है। हमारी संस्कृति हमारे प्राचीन मूल्यों का सम्पोषण एवं संरक्षण करती आई है। भारतीय संस्कृति प्रारम्भ से ही आध्यात्मिक एवं धार्मिक सिद्धान्तों से जुडी हुई है। इसमें सदियों से संस्कारों एवं परम्पराओं का अत्यधिक महत्त्व रहा है। भारतीय मनीषियों ने मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक, भौतिक एवं नैतिक दृष्टि से उन्नत बनाने के लिए 'पुरुषार्थ' के नाम से अपने दार्शनिक विचारों की नियोजना की थी। जीवन में भौतिक सुख एवं आध्यात्मिक सुख दोनों का अपना-अपना स्थान है, दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं, एक के बिना भी जीवन सार्थक नहीं हो सकता। अतएव भारतीय जीवन दर्शन में इन दोनों प्रवृत्तियों का संतुलित, समन्वित और सम्बन्धित स्वरूप है जिसको हम पुरुषार्थ के नाम से जानते हैं।

सर्वप्रथम हम ये जानना अत्यावश्यक है कि पुरुषार्थ क्या है? 'पुरुष' और 'अर्थ' शब्दों के संयोग से बना यह शब्द मानव जीवन का आधार है, जिसमें मनुष्य जन्म समय से मृत्यु पर्यन्त तक अपने लक्ष्य की खोज में लगा रहता है, पुरुषार्थ एक ओर जहाँ भौतिक सुख जो कि अस्थाई, असत्य और अस्थिरता का बोध कराता है, तो वहीं दूसरी ओर वह आध्यात्मिक सुख जो कि सत्य एवं स्थाई होता है। पुरुषार्थ मानव जीवन के मूल लक्ष्य की पूर्ति कराता है। उसको हम यूं भी कह सकते हैं कि मनुष्य के सर्वाङ्गीण विकास का आधार पुरुषार्थ ही है। इससे समाज की उन्नति भी होती है। सामान्य रूप से तो पारलौकिक सुखों की प्राप्ति का साधन भौतिक सुख को माना जाता है, परन्तु भारतीय परम्परा में भौतिक सुखों को क्षणिक एवं नश्वर माना गया है। जैसे कठोपनिषद् में भी कहा गया है कि सम्पूर्ण भोग क्षणिक हैं, ये मनुष्य की समस्त इन्द्रियों के तेज को क्षीण कर देते हैं, फिर भी इनके प्रति मनुष्य का मोह भंग नहीं होता।[१]

इस जगत् में रहने वाले प्रत्येक मानव की लालसा कभी धर्म में कभी काम में तो कभी अर्थ में रहती है, इसी कारण सर्वप्रथम पुरुषार्थ के अर्न्तगत धर्म, अर्थ, काम ही आते थे जिसे हम त्रिवर्ग भी कहते हैं, बाद में चलकर इसमें मोक्ष को भी जोड़ा गया। इसी को भारतीय संस्कृति में पुरुषार्थ चतुष्ट्य भी कहा है। पुरुषार्थ के चार आधार हैं - **धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष**। चारों पुरुषार्थों का अर्थ स्पष्ट करते हुए श्री कपाड़िया जी कहते हैं कि 'मोक्ष मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है और मानव की आन्तरिक, आध्यात्मिक अनुभूति का प्रतीक है। इस पर उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदा कर्मवाद को ही प्राथमिकता मिली है।[२] महर्षि वेदव्यास जी ने भी कहा है -

धर्मार्थकामाः सममेव सेव्याः यो ह्येयकमन्तरय नरो जद्यन्यः।
द्वयोस्तु दाक्ष्यं प्रवदन्ति मध्यं स उत्तमो योगभिरतस्तिवर्गेः।।[३]

अर्थात् धर्म, अर्थ एवं काम इन तीनों का सेवन सभी को समान रूप से करना चाहिए इसी से अन्तिम पुरुषार्थ मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। इनमें से जो प्राणी केवल एक का ही भोग करता है वह अधम है जो दो का सेवन करता है वह मध्यम है तथा जो तीनों का सेवन करता है वह प्राणी श्रेष्ठ है, वही अन्तिम पुरुषार्थ

* सहायक आचार्य एवं अध्यक्ष-संस्कृत विभाग, राजकीय रणबीर महाविद्यालय संगरूर, पंजाब

को प्राप्त कर सकता है। इनका व्यापक रूप से इस प्रकार विवेचन किया जाता है –

"सर्वप्रथम पुरुषार्थ चतुष्ट्य में धर्म का स्थान सर्वोपरि है। भारतीय परम्परा में धर्म का महत्त्व विश्व विश्रुत है। सामान्यतः पुरुषार्थ में व्यक्ति का यह सिद्धान्त प्रतीत होता है कि सांसरिक जीवन की अपेक्षा हमारा पारलौकिक जीवन इतना अधिक महत्त्वपूर्ण है कि इसके बिना व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास असम्भव है।"

'धर्म' शब्द की निष्पत्ति 'धृ धारणे' धातु से हुई है जिसका अर्थ है धारण करना अर्थात् जीवन जीने की कला एवं सिद्धान्त का ज्ञान होना। महाभारत के अनुशासन पर्व में सदाचार को ही धर्म का लक्षण माना है तथा अच्छे आचरण से ही इसको फलीभूत होना बताया गया है। इसी का पालन करने में ही मानवता का कल्याण निहित है, नैतिक एवं उत्तम आचरण ही इसके आधार स्तम्भ हैं।[४] वैदिक ऋचाओं में ऋत को ही धर्म का पर्याय माना है, क्योंकि ऋत प्राकृतिक नैतिक व्यवस्था का पर्याय था। **'वेदोऽखिलो धर्म मूलम्'** अर्थात् वेद धर्म के मूल प्रतिपादक हैं। इसी से सुख प्राप्त होता है, जैसा कि कहा भी गया है – **'सुखस्य मूलं धर्मः।'** वैशेषिक दर्शन में भी कहा गया है कि जिससे सभी प्राणियों का हित होता है वही धर्म है इसी में लौकिक एवं पारलौकिक कल्याण निहित है।[५]

मनुस्मृति में भी धर्म के चार श्रोत बतलाये हैं – श्रुति, स्मृति, सदाचार एवं आत्म सन्तुष्टि। इनमें व्यक्ति को जो सर्वश्रेष्ठ लगता है वही धर्म है, यहाँ धर्म के दस लक्षण बताये गये हैं। जिनमें, धैर्य धारण करना, क्षमा करना, झूठ न बोलना, शौच (पवित्र), इन्द्रियों पर नियन्त्रण, स्वच्छ बुद्धि, विद्या देना एवं ग्रहण करना, सत्य का पालन करना, क्रोध न करना आदि।[६] इन्हीं को आगे बढ़ाते हुए श्रीमद्भागवत में सामान्य धर्म के तीस लक्षण बताये गये हैं। **'सत्यं वद धर्मं चर'**, **'सत्यमेव जयते'** इत्यादि वाक्य धर्म की धारणा को और विशुद्ध बताते हैं। नीतिशतक में भी कहा गया है –

येषां न विद्या न तपो न दानं,
ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मृत्यलोके भूवि भारभूताः,
मनुष्य रूपेण मृगाश्चरन्ति।।[७]

अर्थात् धर्म से हीन व्यक्ति पशु के समान ही होता है। इस प्रकार व्यक्ति का माता–पिता, अतिथि को देवतुल्य मानकर सभी प्राणियों के हित की कामना करना एवं योग्य व्यक्तियों को दान देना इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है।

पुरुषार्थों की शृंखला में धर्म के पश्चात् 'अर्थ' आता है। इस पुरुषार्थ को मानवीय जीवन में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। यहाँ 'अर्थ' शब्द से अभिप्राय धन सम्पदा से है अर्थात् इसके बिना जीवन में प्रयुक्त होने वाली सुख सुविधाएँ एवं ऐश्वर्य कठिन है, इसके बिना व्यक्ति की इच्छाएँ अपूर्ण रहती हैं। ऋग्वेद में भी आर्यों को भौतिक सुखों के निमित्त धन सम्पत्ति, गाय, अश्व आदि की कामना करते हुए दिखाया गया है। यजुर्वेद एवं तैत्तिरीयसंहिता में कृषि को मानव कल्याण तथा अर्थ प्राप्ति का प्रमुख साधन माना गया है।[८] महाभारत में भी अर्थ को उच्चतम वस्तु बताया गया है, उद्योगपर्व में अर्थ को उच्चतम धर्म बतलाया है, प्रत्येक वस्तु इसी पर निर्भर है, धन को काम एवं धर्म का आधार माना गया है, इसी से स्वर्ग का मार्ग प्रशस्त होता है, इसके बिना जीवन यापन करना अत्यन्त कठिन है। कहा भी गया है –

धनमाहुः परं धर्म धने सर्वप्रतिष्ठितम्।
जीवन्ति धनिनो लोके मृता ये त्वधना नराः।।

कौटिल्य ने भी 'अर्थ' को दान एवं गृहस्थ आश्रमों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना है। गोखले की मान्यता है कि निर्धनता एक अभिशाप है यह मृत्यु से भी बुरी है। प्रसिद्ध विद्वान् महाकवि भर्तृहरि ने तो अर्थ को ही जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण माना है। उन्होंने कहा है कि जिस व्यक्ति के पास धन है वही व्यक्ति उच्च कुल वाला है, कुलीन है, वही पण्डित, विद्वान् है, वही शास्त्रों का जानने वाला है, वही गुणवान् है, वही अच्छा बोलने वाला है अर्थात् सुन्दर वक्ता है वही दर्शनीय है, इस प्रकार सभी गुण सोने (धन) में ही निवास करते हैं।[९]

महाराज मनु ने ऐसे 'अर्थ' को भी त्यागने के लिये कहा है जो धर्म सम्मत न हो, जो पाप के मार्ग से कमाया गया है। उनके अनुसार अर्थ का उपार्जन नैतिकता एवं धार्मिकता के उच्चमान दण्डों से अनुप्रेरित होना चाहिए। किसी को भी धर्म के विरुद्ध जाकर धन कमाने का अधिकार नहीं होना चाहिए।[१०] इन तथ्यों से यह सिद्ध होता है कि मनुष्य के जीवन में 'अर्थ' का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

पुरुषार्थ का तृतीय तत्त्व है 'काम'। जिसका सामान्य अर्थ है - कामना अर्थात् इच्छाएँ। मनुष्य के जीवन में काम प्रधान तत्त्व रहा है, व्यक्ति के अन्दर की वासनायें, इच्छाएँ, आसक्ति मूलक प्रवृत्तियाँ काम के अर्न्तगत आती हैं। **'काम्यते इति कामः'** या **'काम्यते जनैः इति काम सुखम्'** अर्थात् मनुष्य जिस सुख की कामना करता है, वही 'काम' है। प्राचीन हिन्दू व्यवस्थाकारों ने सृष्टि की प्रक्रिया को निरन्तर जारी रखने के लिए काम को पुरुषार्थ में जगह दी है। ऋग्वेद में कहा गया है कि 'जो पुरुष श्रद्धा एवं निष्ठा से युक्त होकर इन्द्रिय सुख भोग करते हैं, वे ही मनुष्य संसार में सुख भोगते हैं।'[११] मनुस्मृति में कहा गया है कि काम धार्मिक नियमों, संयमों के अनुरूप होना चाहिए। धर्म को हानि पहुँचाने वाले अर्थ और काम को त्याग देना चाहिए -

परित्यजर्थ कामौ यौ स्वातां धर्म वर्जितो।
धर्मचाप्य सुखोदर्क लोक विक्रुष्टमेव च।।[१२]

भारतीय परम्परा में 'काम' को धर्म से नियन्त्रित करने का प्रयास किया गया है। इसी के निमित्त गृहस्थ आश्रम की व्यवस्था की गई है, क्योंकि काम के अभाव में न तो पितृऋण से मुक्त हुआ जा सकता है और न ही अपने पितरों का पिण्ड दान किया जा सकता है। यहाँ काम को केवल इन्द्रिय सुख न मानकर सृष्टि प्रक्रिया का माध्यम माना है। महर्षि वेदव्यास ने इसको विस्तार से बताते हुए कहा है कि काम मन तथा हृदय का वह सुख है जो इन्द्रियों को विषयों से जुड़ने पर उत्पन्न होता है। यह मानव की प्रमुख प्रवृत्ति है। इसी के वशीभूत होकर वह सन्तानोत्पत्ति करके गृहस्थ जीवन का सुख भोगता है।[१३] कौटिल्य ने भी काम की तरफ संकेत किया कि परस्पर एक दूसरे के आश्रित धर्म, अर्थ और काम स्वरूप त्रिवर्ग का समान भाव से सेवन करना चाहिए; क्योंकि धर्म, अर्थ और काम इन तीनों में यदि एक का व्यसन के रूप में अधिक सेवन हो जाता है तो उनमें से दो को कष्ट पहुँचता है, परन्तु वह काम धर्म सम्मत होना चाहिए।[१४]

पुरुषार्थ के अन्तिम सोपान पर भारतीय संस्कृति के व्यवस्थाकारों ने जीवन के उदात्त एवं आदर्शात्मक स्वरूप मोक्ष की नियोजना की है। भारतीय संस्कृति में 'मोक्ष' ऐसा पुरुषार्थ है जिसके कारण ही धर्म, अर्थ एवं काम सन्तुलित रूप से मानव व्यवहार के अंग बन पाते हैं। प्रथम तीन पुरुषार्थों का क्रियान्वयन अन्तिम पुरुषार्थ तक पहुँचने का सोपान है, क्योंकि जीवन में समस्त घटनाओं परिघटनाओं को सम्पादित करने के पश्चात् मनुष्य अपने जीवन की सान्ध्य बेला में मोक्ष की तरफ अग्रसर होता है। मोक्ष जीवन के आदर्श की पराकाष्ठा है। मोक्ष का सामान्य अर्थ है - मुक्त होना अर्थात् मनुष्य सभी प्रकार के बन्धनों, विषय वासनाओं से, आवागमन के चक्र से मुक्त हो जाता है। उपनिषदों में कहा गया है -

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्च छिद्यन्ते सर्व संशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे।।[१५]

अर्थात् व्यक्ति को जब अपने आत्मतत्त्व का ज्ञान होता है तब उसके हृदय की सभी ग्रन्थियाँ खुल जाती हैं, सभी प्रकार के संशय नष्ट हो जाते हैं, उसके सम्पूर्ण कर्मों का क्षय हो जाता है तब व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त करता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए केनोपनिषद् में कहा है कि इस जीवन में यदि पारब्रह्म को जान लिया तब तो कुशल है नही तो महान् विनाश है। बुद्धिमान् पुरुष प्रत्येक प्राणों में पारब्रह्म को समझकर इस लोक से प्रयाण करके अमरता या मोक्ष को प्राप्त हो जाते हैं।[१६] भगवान् श्रीकृष्ण ने भी गीता में कहा है –

कामक्रोधवियुक्तानां यतीनां यतचेतसाम्।
अभितो ब्रह्मनिर्वाणं वर्तते विदितात्मनाम्।।
यतेन्द्रियमनो बुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः।[१७]

अर्थात् काम और क्रोध से रहित हो जो व्यक्ति मन को जीत लेता है वह ज्ञानवान् व्यक्ति ही परमात्मा को प्राप्त हो सकता है। इन्द्रिय, मन एवं बुद्धि पर नियन्त्रण रखने वाले व्यक्ति को मोक्ष स्वयं ही प्राप्त हो जाता है। महाराज मनु ने कहा है कि मनुष्य की तपस्या से सम्पूर्ण पापों का नाश हो जाता है तथा ज्ञान से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है – **'तपसा कल्मषं हन्ति विद्ययाऽमृतमश्नुते।'**[१८]

मोक्ष की प्राप्ति जीवन का अन्तिम लक्ष्य है इसी की प्राप्ति के लिए व्यक्ति आजीवन अपनी समस्त क्रियाओं को इसी ओर नियोजित करता है। गीता में तो भक्ति के मार्ग पर चलकर ही मोक्ष प्राप्त करने को प्रधान वरीयता दी गई है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि पुरुषार्थ चतुष्ट्य का जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान है, जो व्यक्ति इसका पालन करता है, वह सम्पूर्ण समाज के लिये अनुकरणीय हो जाता है। इसमें मनुष्य ईश्वर के साकार रूप की उपासना करते हैं एवं उसकी सेवा में अपने आप को पूर्ण रूप से समर्पित कर देते हैं, उसके लिये ब्रह्म या ईश्वर ही सर्वोपरि होता है, वही उसका सखा, स्वामी एवं गुरु होता है। मोक्ष प्राप्त करने वाला व्यक्ति समस्त मानवीय आदर्शों से युक्त होता है, मोह, माया से दूर रहता है। अपनी आत्मा को उज्ज्वल, शुद्ध एवं निर्मल बनाकर वह समाज को व्यक्ति को एक नई दिशा प्रदान करता है तथा सम्पूर्ण समाज के लिये अनुकरणीय हो जाता है। इस प्रकार जीवन के सभी पक्षों का संतुलित विकास ही परम लक्ष्य तक पहुँचने का आदर्श सोपान है।

सन्दर्भ-सूची

१. सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः, न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्योः। कठोपनिषद्।
२. भारतीय संस्कृति, पृष्ठ – १०९
३. महाभारत, शान्तिपर्व, १६४.४०
४. आचार लक्षणो धर्मः सतश्चरित्रलक्षणः।
साधुनां च यथा वृतमेतदाचार लक्षणम्।। महाभारत, अनुशासनपर्व।
५. यतो अभ्युदयानिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः। वैशेषिक सूत्र १.१.२
६. वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियात्मनः।
एतत् चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद् धर्मस्य लक्षणम्।।
धृति क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रयनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्।। मनुस्मृति ६.९२-९३

७. नीतिशतकम्।

८. महाभारत, उद्योगपर्व ७२.२३

९. नीतिशतकम्।

१०. मनुस्मृति।

११. ऋग्वेद १०.३७.२

१२. मनुस्मृति।

१३. विषयवर्तमानानां यो प्रीतिरूपो जायते।
स काम इति मे बुद्धिः कर्मणा फलमुत्तमम्।। महाभारत, वनपर्व।

१४. कौटिल्य-अर्थशास्त्रम्।

१५. माण्डूक्योपनिषद् २.२.८

१६. इहचेद वेदोदयसत्यमस्ति न चेहिदावेदीन् महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेष विचित्यधीराः प्रेत्यास्माल्लोकाद् सृता भवन्ति।। केनोपनिषद्।

१७. श्रीमद्भगवद्गीता ५.२६ एवं २८

१८. मनुस्मृति।

---

website : www.chintanresearchjournal.com
Impact Factor : 4.012

ISSN : 2229-7227

International Refereed

चिन्तन

अन्तरराष्ट्रीय मूल्यांकित रिसर्च जर्नल

(कला, साहित्य, मानविकी, समाज-विज्ञान, विधि, प्रबंधन, वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों पर केंद्रित)

(Indexed & Listed at : Research Bib, Japan)
(Indexed & Listed at : Indian Journal Index (IJIND EX))
(Indexed & Listed at : UGC Journals List N. 41243)
(Peer Reviewed)

वर्ष : 9 अंक : 34(iii)
विक्रमी सम्वत् : 2076
अप्रैल-जून 2019

संपादक

आचार्य (डॉ०) शीलक राम

आचार्य अकादमी, भारत

ISO 9001 : 2008

International Refereed
Impact Factor : 4.012
Peer Reviewed

'चिन्तन' अन्तरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल (ISSN : 2229-7227)
वर्ष 9, अंक 34(iii) (पृ.सं. 374-379)
विक्रमी सम्वत्: 2077 (अप्रैल-जून 2019)

वैदिक संस्कृति में धर्म का स्वरूपः एक अध्ययन

डॉ. रणधीर कौशिक, (उपाचार्य)
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
राजकीय रणबीर महाविद्यालय
संगरूर। (पंजाब)

शोध-आलेख सार

भारतीय परम्परा में धर्म का महत्व विश्व विख्यात है। सामान्य रूप से व्यक्ति को यह सिद्धान्त मात्र ही प्रतीत होता है परन्तु वास्तव में यह हमारे सर्वांगिंण विकास का आधार है। इसके बिना हम व्यक्तित्व विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते। यहां पर सर्वप्रथम प्रश्न उठता है कि यह धर्म क्या है? यहां भारतीय परम्परा के अनुसार 'धर्म' शब्द की व्युत्पति धृ धातु से हुई है जिसका सामान्य अर्थ है धारण करना। प्राचीन भारतीय धर्म ग्रन्थों में धर्म के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन हुआ है। सर्व प्रथम ध्रियते लोक अनेन इति धर्मः अर्थात् जिसे लोक या संसार को धारण किया जाये वह धर्म है। दूसरे अर्थो में धरति धारयति का लोकः इति धर्मः अर्थात् जो लोक को धारण करता है, वह धर्म है। अन्य अर्थ में हम कह सकते है - ध्रियते यः य धर्मः अर्थात् जो दूसरों से धारण किया जाये वह धर्म है। अमर कोश के अनुसार भी धर्म शब्द के अनेक अर्थ है। जैसे सुकृत, पुण्य, न्याय, स्वभाव, आचार आदि5 आचार्य यास्क ने धर्म शब्द का अर्थ नियम बताया है। अर्थात् जिस नियम ने इस लोक या संसार को धारण कर रखा है वह धर्म है।

मुख्य-शब्द : पुरुषार्थ, ऋत, अपोरुष्य, माननीय कल्याण ।

भारतीय मनीषियों ने मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक, भौतिक एवं नैतिक दृष्टि से उन्नत करने के लिये अनेकों सिद्धान्तों की व्याख्या की है। जीवन में आध्यात्मिक एवं भौतिक सुख दोनों का अहम् स्थान है। इन दोनों का समन्वित रूप ही जीवन को समुन्नत करता है। पुरूषार्थ मनुष्य वह आधार है जिसके माध्यम से वह अपना जीवन जीता है। पुरूषार्थ से व्यक्ति के जीवन का विकास तो होता ही है साथ-साथ समाज का विकास भी होता है। भारतीय संस्कृति में पुरूषार्थ चतुष्ट्य में सबसे अधिक महत्व धर्म और मोक्ष को ही दिया गया है। परन्तु सर्व प्रथम भारतीय संस्कृति का मूल आधार धर्म को ही माना गया है। व्यक्ति धर्म का अनुसरण करता हुआ ही अपने मुख्य लक्ष्य तक पहुँचता है।

भारतीय परम्परा में धर्म का महत्व विश्व विख्यात है। सामान्य रूप से व्यक्ति को यह सिद्धान्त मात्र ही प्रतीत होता है परन्तु वास्तव में यह हमारे सर्वांगिंण विकास का आधार है। इसके बिना हम व्यक्तित्व विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते। यहां पर सर्वप्रथम प्रश्न उठता है कि यह धर्म क्या है? यहां भारतीय परम्परा के अनुसार 'धर्म' शब्द की व्युत्पति धृ धातु से हुई है जिसका सामान्य अर्थ है धारण करना।[1] प्राचीन भारतीय धर्म ग्रन्थों में धर्म के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन हुआ है।

सर्व प्रथम ध्रियते लोक अनेन इति धर्मः[2] अर्थात् जिसे लोक या संसार को धारण किया जाये वह धर्म है। दूसरे अर्थो में धरति धारयति का लोकः इति धर्मः[3] अर्थात् जो लोक को धारण करता है, वह धर्म है। अन्य अर्थ में हम कह सकते है - ध्रियते यः य धर्मः[4] अर्थात् जो दूसरों से धारण किया जाये वह धर्म है। अमर कोश के अनुसार भी धर्म शब्द के अनेक अर्थ है। जैसे सुकृत, पुण्य, न्याय, स्वभाव, आचार आदि[5] आचार्य यास्क ने धर्म शब्द का अर्थ नियम बताया है।[6] अर्थात् जिस नियम ने इस लोक या संसार को धारण कर रखा है वह धर्म है।

वैदिक संहिताओं में 'ऋृत' को ही धर्म माना गया है वही सत्य है, इसी को नैतिक व्यवस्था का पर्याय बताया गया है, तभी तो हम कहते है कि 'वेदोऽखिलो धर्म मूलम अर्थात् वेद ही धर्म के प्रतिपादक है, इन्ही से सुख की प्राप्ति होती है जैसे कि कहा भी गया है कि धर्मः सुखस्यमूलम अर्थात् धर्म ही सुख का आधार है। भगवान ने वेदों के आधार पर ही सृष्टि की रचना की है तथा भारत की संस्कृति वेदमूलक है, वेद ही धर्म का मूल है। वेद मूलक स्मृति, सदाचार ही धर्म में प्रमाण है। महाभारत के अनुशासन पर्व में आचार अथवा सदाचार को धर्म का लक्षण माना गया है तथा आचार से ही धर्म का फलीभूत होना बताया है। कहां भी है-

आचार लक्षणों धर्मः सक्ताश्चारित्रलक्षणः।[7]
साधूनां च यथा वृतमेत्दाचारलक्षणम्।।

धर्म के अनुपालन में ही समस्त मानवता का कल्याण निहित है। नैतिक एवं उक्ताम आचरण ही धर्म के आधार स्तम्भ है। धर्म एक मर्यादा है जो अर्थ एवं काम को सीमित परिधि में निबद्ध कर व्यक्ति को पथभ्रष्ट होने से रोकती है एवं समय-2 पर व्यक्ति के वास्तविक कर्त्ताव्य का बोध कराती है। प्राचीन काल में सम्पूर्ण सामाजिक एवं नैतिक अवधारणा से धर्म में मानवीय कल्याण की भावना निहित थी। महाभारत के शान्ति पर्व में कहा गया है जिन सिद्धान्तों के अनुसार व्यक्ति अपना दैनिक जीवन व्यतीत करता है जिसके द्वारा सामाजिक बन्धनों की स्थापना होती है वही धर्म है। यही जीवन का सत्य है एवं हमारी प्रकृति को निर्धारित करने वाली शक्ति है। वेद व्यास जी और भी लिखते है- दुष्ट मनुष्य के दर्शन से, स्पर्श से, उनके साथ वार्तालाप करने से तथा एक आसन पर बैठने से धार्मिक आचार नष्ट हो जाते है तथा मनुष्य किसी कार्य में सफल नहीं होता है[8] और भी कहते है - धर्म एवं हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः। तस्माद्धर्म न त्यजामि मा नो धर्मो हतोऽवधीत।[9] अर्थात् धर्म ही आहत् होने पर मनुष्य को मारता है और वही पालन किया जाता हुआ रक्षा करता है अतः हमें धर्म को नहीं त्यागना चाहिये नहीं तो धर्म ही हमारा वध कर डालेगा।

आगे भी कहते हैं कि धारण करने से लोग इसको धर्म कहते है धर्म प्रजा को धारण करता है, जो धारणा के साथ रहे वही धर्म है।[10] श्रीमद्भगवद् में भी स्पष्ट कहा है- वेदप्रर्णिहितो धर्मो हयधर्मस्तद्विपर्ययः[11] अर्थात् वेद में कहा हुआ ही धर्म है उसके विपरीत अधर्म है। भगवान ने ही धर्म रूपी नियमको बनाया है। वे स्वयं ही उसी पर नियंत्रण रखते है या रखवाते है, यहां तक कि वे धर्म की हानि को देखकर स्वयं अवतार धारण करते हैं जैसा कि उन्होनें गीता में डके की चोट पर कहा है कि हे अर्जुन जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्वि होती है तब-तब मैं इस सृष्टि का सृजन करने के लिये अवतार धारण करता हूँ। साधुओं, सन्त, महात्माओं की रक्षा तथा दुष्टों का विनाश करने के लिये तथा धर्म की पुनः स्थापना हेतु मैं इन तीनों कामों के लिये प्रत्येक युग में प्रकट होता हूँ।[12] इसलिये हम कह सकते है कि धर्म की रक्षा करने वाले, धर्म को बनाने वाले और समस्त धर्मो के आधार स्वयं भगवान ही है। रामायण के अयोध्या काण्ड में भी महर्षि बाल्मीकि ने धर्म को सत्य मान कर उसको ईश्वर स्वरूप माना है, उनके अनुसार जगत् में सत्य ही ईश्वर है, सदा सत्य के आधार पर ही धर्म की स्थिति रहती है, सत्य ही सबकी जड़ है, सत्य से बढ़कर कोई उक्ताम गति नहीं है। दान, यज्ञ, होम, तपस्या और वेद इन सब का आश्रय धर्म है, इसलिये सबको सत्य स्वरूप धर्म का आचरण करना चाहिये।[13] जैसा कि कहा भी है-

सत्यमेवेश्वरो लोकेसत्ये धर्मः सदाऽऽश्रितः।
सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम्।।
दतंयिष्टं हुतं चैव तप्तानि च तंपासि च।
वेदाः सत्यप्रतिष्ठानास्तस्मात्सत्यपरो भवेत।।

रामायण में तो श्री राम ही साक्षात् धर्म के विग्रह स्वरूप है।[14] श्रीराम के राज्य में प्रायः सभी मनुष्य परस्पर प्रेम करने वाले तथा नीति, धर्म, सदाचार और ईष्वर की भक्ति में तत्पर रहकर अपने-अपने धर्म का पालन करने वाले थे। वैशेषिक दर्शन में भी सदाचार को ही धर्म का स्वरूप माना है, वह लोक एवं परलोक में कल्याण करने वाला जो अनादि काल से ही चला आ रहा है, उसी से मनुष्य का कल्याण होता है। उसी से लौकिक उन्नति तथा पार लौकिक कल्याण की प्राप्ति होती है।[15]

याज्ञवल्क्य ऋृषि धर्म के विषय में बताते हुए कहते हैं कि मनुष्य के जो प्रमुख कर्तव्य हैं वही उसके धर्म है। इनके अनुसार -

अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
दानं दया दमः क्षान्ति सर्वेषां धर्म साधनम्।।[16]

अर्थात् किसी भी प्राणी को पीड़ा न पहुँचाना, सच बोलना, बिना दिया हुआ कुछ न लेना अर्थात् चोरी न करना, शरीर और मन की शुद्धि इन्द्रियों को वश में लाना, यथाशक्ति दान देना, विपक्ति में पड़े हुये की रक्षा करना, अपने मन को वश में रखना, अपना उपकार हो जाने पर भी क्रोध न प्रकट करना, ये सब धर्म के लक्षण हैं, अन्य स्मृतिकारों ने भी धर्म के इन्हीं लक्षणों को स्वीकार किया है।

मनु महाराज ने धर्म की विस्तृत व्याख्या की है उन्होने धर्म का मूल वेदों को माना है क्यों भारतीय संस्कृति वेदमूलक है। कहा भी है-

वेदो ऽखिलो धर्म मूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्।
आचारश्रैव साधुनामात्मनस्तुष्टिरेव च।।[17]

अर्थात् सम्पूर्ण धर्म का मूल वेद है, वेदों को जानने वालों की स्मृति तथा शील अर्थात् ब्रह्मण्यता, देव-पितृभक्ति, सौम्यता, अपरोपतापिता, अनसूयता, मृदुता, अपोरूष्य, मित्रता, प्रियवादिता, कृतज्ञता, शरण्यता, कारूण्य और प्रशक्ति ये तेरह प्रकार का शील तथा वेदों का आचरण तथा वेद के वैकल्पिक विषयों में सज्जन लोगों की संतुष्टि ही धर्म है। सामान्य रूप से मनुस्मृति में धर्म के चार स्त्रोत बताये गये हैं - वेद, स्मृति, सदाचार एवं आत्म संतुष्टि। व्यक्ति के जीवन को सम्पूर्ण बनाने में धर्म की भूमिका अग्रणी होती है, धर्म व्यक्ति के कर्तव्यों को निर्धारित करता है। यहां धर्म के निर्वहण में नैतिकता को महत्व पूर्ण स्थान दिया गया है।[18] धर्म युग युगान्तर से चली आ रही परम्परा का पालन पोषण करता है। प्राचीन कालीन व्यवस्थाकारों ने ऐसे विधानों या नियमों का सृजन किया है जो सभी धर्म द्वारा ही संचालित होते थे तथा उनमें मुख्य रूप से मानवीय कल्याण की भावना निहित होती थी। इसी कारण से ही मनुष्य अपने अन्दर पवित्र भावना रखकर सद्गुणों का विकास करके धर्म के स्वरूप को बड़ी ही आसानी के साथ धारण कर सकता था। महाराज मनु ने आगे और भी सुन्दर वर्णन करते हुए कहा है कि धर्म की उत्पति सत्य से होती है, दया और दान से वह बढ़ता है, क्षमा में वह निवास करता है तथा क्रोध से धर्म का नाश हो जाता है।[19] मनु जी आगे भी कहते है-

श्रुति स्मृत्युदितं धर्मनुतिष्ठन्हिमानवः।
इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमं सुखम्।।[20]

अर्थात् श्रुति एवं स्मृति में कहे हुए धर्म का पालन करता हुआ मनुष्य इस लोक में यश को पाता है तथा मरकर परलोक में उत्तम सुख या मोक्ष को प्राप्त होता है। मनु जी धर्म को मनुष्य का सबसे उत्तम मित्र माना है, उनके अनुसार एक धर्म ही ऐसा मित्र है जो मरने पर भी जीव के साथ जाता है और सभी तो शरीर

के नाश के साथ ही छोड़कर चले जाते है। साथ ही शास्त्र भी यही कहता है कि मनुष्य यदि अपने धर्म का पालन करता हुआ मरता है, तो वह श्रेष्ठ है, पर धर्म तो सदैव भय को देने वाला है। सभी प्राणियों का वही परम धर्म है जिसने भगवान में निष्काम, अटल और अचल भक्ति हो तथा जिसके करने से व्यक्ति की अन्तर्रात्मा प्रसन्न हो, तभी तो कहा है जहां धर्म होता है, वहीं विजय होती है और भी कहा है कि -

धर्मेण हन्यते व्याधिर्धर्मेण हन्यतेग्रहः
धर्मेण हन्यते शत्रुर्यतो धर्मस्ततो जयः।।[21]

अर्थात् धर्म के धारण करने से सम्पूर्ण रोग नष्ट हो जाते है, धर्म से ग्रहों की पीड़ा मिट जाती है, धर्म ही शत्रु का नाश करता है, जहां धर्म होता है, वही जय होनी हैं। मनु महाराज तो माता पिता एवं गुरू की एवं अतिथि की सेवा करने वाले को ही धर्मानुग्राही मानते हैं, वे पिता को गार्हपत्य अग्नि माता को दाक्षिण्य अग्नि एवं गुरू को आहवानीय अग्नि मानकर इनको सर्वश्रेष्ठ मानते हुए कहते है कि वे ही तीन लोक है, वे ही तीनों आश्रम है, वे ही तीन अग्नि हैं, जिसने इन तीनों का आदर किया है, उन्होनें ही सब धर्मो का आदर किया है तथा जिसने इनका आदर नहीं किया उसके सारे धर्म नष्ट हो जाते है। इन तीनों की सेवा से ही व्यक्ति के सभी कर्तव्य कर्म पूर्ण हो जाते है। यही साक्षात् परम धर्म है। इसके अतिरिक्त अन्य सब धर्म गौण (उपधर्म) कहे जाते है।[22] अन्त में मनु महाराज कहते हैं धर्म के अन्तर्गत सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, इन्द्रिय निग्रह, क्षमा, श्रद्धा, मीठी वाणी, शील, अतिथि सेवा, माता पिता की सेवा, गुरू की सेवा, बड़ों का आदर सत्कार, सत्य वदं, धर्म चर इस प्रकार ये धर्म के प्रमुख कर्तव्य या लक्षण हैं, जो इनका पालन करता है धर्म उसकी रक्षा करता है तथा जो इनका पालन नहीं करता धर्म उसका हनन कर देता है। कहा भी है - धर्म एवं हतोहन्ति धर्मो रक्षतिः।

आज के आधुनिक चकाचौंध में यदि सबसे ज्यादा हानि हुई है तो वह धर्म की हानि हुई है, आज धर्म भी राजनीति का एक साधन हो गया है, राजनीतिज्ञों ने धर्म की परिभाषा ही बदल दी है, उन्होनें मनुष्य को मनुष्य से धर्म के नाम पर लड़ाकर अपना ही स्वार्थ सिद्ध किया है उन्होनें सम्प्रदायों को धर्म में बदल दिया है। उन्होनें समाज को हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध आदि पता नहीं कितने धर्म एवं सम्प्रदायों में बांट दिया है। आज धर्म के नाम पर जितनी सभायें, संगठन या आन्दोनल होते है वे अपना राजनैतिक अधिकार क्षेत्र ही विस्तृत करते हैं। आज धर्म भी दूसरे साधनों की तरह अर्थ (धन कमाने) का साधन बन गया है। धर्म परिवर्तन कराया जाता है, वह भी इस अभिलाषा के साथ कि हमारे धर्म की जनसंख्या अधिक हो तथा इससे अधिकाधिक आर्थिक लाभ लिया जा सके। आज सम्पूर्ण विश्व अधर्मियों के हाथों की कठपुतलीयां बना हुआ है, चारो और राजनीतिज्ञ धर्म के ठेकेदारों से मिलकर धर्म के नाम पर दंगा फसाद करवा रहे है। धर्म को अर्न्तमुखी की अपेक्षा बाहय दिखाने का साधन बना दिया है। आज प्रत्येक व्यक्ति अपने धर्म को श्रेष्ठ बता रहा है तथा दूसरे के धर्म को नीचा दिखाने का प्रयत्न करते है। आज कुछ दुष्ट प्रवृति के लोग बड़े गर्व से धर्म से मानव, जाति को मुक्त कराने की बात करते है तथा कुछ मूर्ख प्राणी यह कहकर प्रसन्न होते है कि मैं धर्म रूपी रोग से मुक्त हो चुका हूँ, परन्तु इसका परिणाम क्या होगा वे मूर्ख नहीं सोचते क्योंकि अग्नि यदि अपने धर्म का त्याग करेगी तो वह भस्म बन जायेगी यदि मनुष्य अपने धर्म का त्याग करता है तो वह पशु बन जाता है जैसा कि भर्तृहरि नीतिशतक में कहते है-

येषां न विद्या न तपो न दानं, ज्ञानं शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मृत्यलोके भूविभारभूताः मनुष्य रूपेण मृगाश्चरन्ति।।[24]

अर्थात् जिसके पास न विद्या है, न तप है, न दान देता है, न ही स्वभाव से अच्छा है, न गुण है तथा जो न ही अपने धर्म का पालन करता है, ऐसे मनुष्य इस लोक में मनुष्य के रूप में पशुओं जैसा आचरण करते है।

इस प्रकार हम कह सकते है कि सम्पूर्ण शास्त्रों में कहीं भी धर्म को हिन्दू, मुस्लिम, जैन, बौद्व, सिख, ईसाई के नाम तक का उल्लेख नहीं है फिर आज हम धर्म के नाम पर क्यों झगडते है, क्यो एक दूसरे के खून के प्यासे है, कुछ दुष्ट लोगों के बहकावे में आकर क्यों हम अपनी सभ्यता एवं संस्कृति का अपमान कर रहे है, आज राजनैतिक एवं समाज के ठेकेदारों ने हमेारे सामाजिक ताने बाने को नष्ट भ्रष्ट कर दिया है, आज आवश्यकता है हमें जागने की समाज को प्राचीन संस्कृति से अवगत कराने की। क्योंकि हमारे समाज में धर्म वो नहीं है जो आज हम मान बैठे है बल्कि धर्म वो है जो हमारा राष्ट्र एवं समाज के प्रति कर्तव्य है, सबसे बड़ा धर्म है, मानवता का, सबसे बड़ा धर्म है राष्ट्र धर्म एवं मानवीय धर्म हमें उसी की रक्षा करनी है।

संदर्भ

1. अमरकोश
2. कल्याण, भारतीय संस्कृति के, पृ. 369
3. उपरिवत्
4. निबन्ध श्रीराम हिन्दू संस्कृति के मूर्तिमान स्वरूप - पृ. 116 (हिन्दू संस्कृति अंक)
5. अमरकोश
6. यास्ककृत निरूस्त
7. मनुस्मृति- 2/6
8. असतां दर्शनात् स्पशीत् सञ्जल्पाच्च सहासनात्।
   धर्माचारा: प्रहीयन्ते सिद्धयक्ति च न मानवा:। महाभारत वनपर्व 12/8
9. उपरिवत्, 3/3/128
10. धारणाद्वर्ममित्याहुधर्मो धारयते प्रजा:। यत् स्याद्वारणा संयुक्त स: धर्म इति निश्चय:।
    महाभारत, कर्णपर्व 69/58
11. श्रीमद्भागवत, 6/1/44
12. यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिभवति भारत:।
    अभ्युथानमधर्मस्य तदाऽऽत्मानं सृजाम्यहम्।।
    परित्राणाय साधुनां विनाशाय च दृष्कृताम
    धर्मसंस्थापनार्थाय संमभवामि युगे-युगे। श्रीमद्भगवदगीता 4/7-8
13. बाल्मीकि रामायण अयोध्या काण्ड - 109/13-14
14. उपरिवत्
15. यतोऽभ्युदयनि: श्रेयससिद्वि: स: धर्म।। वेशेषिक दर्शन 1/2
16. याज्ञवल्स्य स्मृति-
17. मनुस्मृति- 2/6
18. वेद स्मृति सदाचार स्वस्य च प्रियात्मन:।
    ऐतच्चतुर्विधं प्राहु: साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्।। मनुस्मृति 2/12
19. सत्याज्जायते, दयया दानेन च वर्धते, क्षमायां तिष्ठति,
    क्रोधान्नश्यति। मनुस्मृति उपरिवत्
20. उपरिवत्, 2/9
21. कल्याण: भारतीय संस्कृतिअंक, पृ. 371
22. उपरिवत्, पृ. 372

23. पिता वै गार्हपत्योऽग्निर्माताग्नि दक्षिणः स्मृतः।
गुरूराह्वानीयस्तु साग्नित्रेता गरीयसीः।।
त ऐव ही त्रयोलोकास्त एव त्रय आश्रमाः।
त एव हि त्रयो वेदास्त एवोक्तास्त्रयोऽग्नयः।
सर्वेतस्यधृता धर्मा यस्यैते त्रय आदृताः।
अनादृतास्तु यस्यैते सर्वास्तस्याफलाः क्रियाः।।
त्रिष्वेतेष्वितिकृत्यं हि पुरूषस्य समाप्यते।
एषः धर्मः परः साक्षादुपधर्मोऽन्य उच्यते।। मनुस्मृति 2/230-31, 234-37

24. नीतिशतक, श्लोक-15

2019-20

THINK INDIA JOURNAL

certify to all that

Kuldip Kumar

has been awarded Certificate of Publication for research paper titled

Romantics : Earlier Voices for Environment Protection

Published in Vol-22-Issue-04-October-2019 of THINK INDIA (Quarterly Journal) with ISSN:: 0971-1260

UGC Care Approved International Indexed and Referred Journal

Impact Factor 6.2

SNSharma

Editor, Think India Journal

28

19-20

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

यतेमहि स्वराज्ये

website : www.pramanaresearchjournal.com
Impact Factor : 4.005

ISSN : 2249-2976

Pramāna

Research Journal

(Art, Literature, Humanity, Social Science, Commerce, Management, Law & Science Subjects)

(Indexed & Listed at :
Ulrich's Periodicals Directory ©, ProQuest. U.S.A.)
Copernicus, Poland
Research Bib., Japan
(Indexed & Listed at : Indian Journal Index (IJIND EX))
UGC Approved List Sl. No. 41241
(Peer Reviewed)

Year : 8
Issue : 32(iii)
Apr-Jun 2019
www.pramanaresearchjournal.com

Acharya Academy, Bharat

ISO : 9001-2008

Pramāna
International Refereed
UGC List No.41241
Impact Factor : 4.005
Research Journal (ISSN : 2249-2976)
Year-8, Issue-32(iii)(Apr.-Jun. 2019) (Page No. 624-628)

'करूण रस' : महर्षि बाल्मीकि एवं महाकवि भवभूति के सन्दर्भ में

डॉ. रणधीर कौशिक (उपाचार्य)
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
राजकीय रणबीर महाविद्यालय
संगरूर (पंजाब)

शोध-आलेख सार

उपजीव्य काव्य के प्रणेता महर्षि बाल्मीकि एवं करूणा के अवतार महाकवि भवभूति इस साहित्य के दो अनमोल रत्न है। सामान्य रूप से तो संस्कृत साहित्य की प्रत्येक रचना में रसों का आधिपत्य है परन्तु महर्षि बाल्मीकि की रामायण एवं भवभूति की उत्तररामचरित करूणा प्रधान रचनाऐं है। वैसे तो करूण रस प्रत्येक रचना में कहीं अंगी रूप में तो कहीं प्रधान रूप में मान्य रहता है परन्तु रामायण में राम और सीता की, महाभारत में युधिष्ठर और घृतराष्ट्र की नैषधचरित में हंस की, रधुवंश महाकाव्य में राजा अज की मेघदूत में यक्ष-यक्षिणी की तथा उतर राम चरित में जानकी एवं राम की करूण वेदना काव्यों में करूण रस का संचार करती है।

मुख्य-शब्द : करुण रस, करुण वेदना, श्रृंगार रस, छद्म नीति, विरहव्यथा ।

संस्कृत साहित्य विश्व की अनमोल निधि है, उपजीव्य काव्य के प्रणेता महर्षि बाल्मीकि एवं करूणा के अवतार महाकवि भवभूति इस साहित्य के दो अनमोल रत्न है। सामान्य रूप से तो संस्कृत साहित्य की प्रत्येक रचना में रसों का आधिपत्य है परन्तु महर्षि बाल्मीकि की रामायण एवं भवभूति की उत्तररामचरित करूणा प्रधान रचनाऐं है। वैसे तो करूण रस प्रत्येक रचना में कहीं अंगी रूप में तो कहीं प्रधान रूप में मान्य रहता है परन्तु रामायण में राम और सीता की, महाभारत में युधिष्ठर और घृतराष्ट्र की नैषधचरित में हंस की, रधुवंश महाकाव्य में राजा अज की मेघदूत में यक्ष-यक्षिणी की तथा उतर राम चरित में जानकी एवं राम की करूण वेदना काव्यों में करूण रस का संचार करती है।

आदि महाकाव्य रामायण का तो प्रारम्भ ही करूणा से होता है। बाल्मीकि जी ने संयोगवश तमसा नदी के तट पर व्याध द्वारा काम मोहित क्रौञ्च नर पक्षी पर चलाये गये बाण से घायल जमीन पर गिरे हुए पक्षी को देखकर उनका मन द्रवित हो गया और उनके शोक सत्तप्त मन में करूणा का समावेश हो गया, मादा कौञ्ची के करूण रूदन से महर्षि के मुख से अनायास ही एक श्लोक प्रस्फुटित हो गया:-

मा निषादः प्रतिष्ठां त्वंगमः शाश्वतीः समा।
यत क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काम मोहितम्।।[1]

अर्थात् हे व्याध तेरे कुल की प्रतिष्ठा न हो, तुम्हे लम्बे समय तक शान्ति प्राप्त न हो, क्योंकि तुमने काम में मग्न क्रोञ्च पक्षी के जोड़े में से एक का वध कर दिया। इस प्रकार महर्षि का शोक श्लोक के रूप में उपस्थित हो गया। 'शोकः श्लोकस्त्वमागतः'।[2] इस घटना को काव्य सृष्टि का मूल माना जाता है। साहित्य

समाज का दर्पण होता है और इसके निर्माण के लिए हृदय का रसाविष्ट होना आवश्यक होता है क्योंकि रसाविष्ट हृदय होने पर ही कविता का उद्‌गम होता है। काव्य अन्तश्चेतना की बाह्य अभिव्यक्ति है। जो हृदय स्वत: किसी भाव का अनुभव नही करता वह किसी भी दशा में दूसरे के उपर उस भाव का प्रकटीकरण नहीं कर सकता इसी कारण को क्रोञ्च वद्य की घटना को इस महाकाव्य का मूल माना जाता है। इसका प्रमाण हमें उपनिषदों आदि ग्रन्थों में भी मिलता है, तदन्तर भरत भूनि को सैदान्तिक दृष्टि से रस सिद्वान्त का आचार्य माना जाता हैं। महा कवि कालिदास ने ही इसी तथ्य की अभिव्यक्ति की है वे भी महर्षि के शोक को श्लोक रूप में ही परिणत होना मानते हैं।[3] इन्ही सूत्रों का अनुसरण करके आनन्दवर्धन ने प्रतीयमान आर्थ के सामान्य रूप में ही काव्य में मुख्य होने पर भी रस को काव्य की आत्मा के रूप में स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है। उनके अनुसार -

काव्यस्यात्मा एवार्थ स्तथा चादिकेव पुरा।[4]
क्रोञ्च द्वन्द्व वियोगोत्य: शोक: श्लोकत्वमागत:।।

आनन्दवर्धन ने भी स्पष्टत: करूण को ही रामायण का मुख्य रस कहा हैं। इसका आरम्भ ही करूणा से होता हैं तथा राम के सामने सीता के पृथ्वी के भीतर अन्तर्धान होने के दृश्य से रामायण का अन्त भी करूणा से ही होता है। आनन्दवर्धन आगे कहते है:-

''रामायाणो हि करूणो रस: स्वयंमदिकबिना सूचित: शोक: श्लोकत्वभागता:, इत्येववादिना। निर्व्यूढ़श्य स एवं सीता८८न्त्यन्त वियोगपर्यन्तमेव स्वप्रबन्धमुपरचयता।।[5]

बाल्मीकि रामायण के रस के विषय में संस्कृत साहित्य के मनीषियों ने एक स्वर में करूण रस को प्रधानता दी है। जिसमें प्रारम्भ में ही रामचन्द्र जी का वनवास दशरथ मरण, राम-भरत मिलनं, प्रजा का राम के बिना दु:खी होना, सीता वियोग, लक्ष्मण को शक्तिघात् एवं युद्ध काण्ड में भी करूणा का ही संचार देखने को मिलता हैं।

श्री राम का हृदय तो करूणा से ही भरा हुआ है चाहे वह पिता की मृत्यु के समय हो, चाहे मित्रों एवं भाइयों पर विपति के समय हो तथा चाहे सामान्य प्रजा जनों का दु:ख हेा राम दु:खी हो जाते है। राम सीता के वियोग में बहुत दु:खी होते है क्योंकि वे सोचते है कि विपति के समय वे अपनी निर्बल पत्नी की रक्षा नहीं कर पाये, वे ये भी सोचते है कि सीता के नष्ट होने पर राम के धर्म का पालन कैसे होगा, उनके पति प्रेम से उनका मन सन्तप्त हो रहा है।[6]

लक्ष्मण के शक्ति लगने पर राम के मुख से भ्रातृ प्रेम के जो उद्‌गार निकले है, वो करूणा की पराकाष्ठा को दर्शाते हैं। श्रीराम कहते है कि यदि मनुष्य चाहे तो एक देश के बाद दूसरे देश में उसे विवाह योग्य स्त्रीयां भी मिल जाती है, प्रत्येक देश में मित्र भी मिल सकते है: परन्तु ऐसा कोई देश में नहीं देखता जहां सहोदर भ्राता मिल सके।[7] इस प्रकार श्री राम लक्ष्मण की मूर्छावस्था में जो विलाप करते हैं वह अत्यन्त वेदना पूर्ण है।

रावण की मृत्यु के पश्चात् राम ने सीता के चरित्र की विशुद्धि को सामान्य जनता के सामने प्रकट करने के लिए अनेक कटु वचन कहे। उन वचनों के उत्तर में सीता के वचन इतने मर्म स्पर्शी है कि कोई भी आसूं बहाने से नहीं रूक सकता। सीता जी कहती है कि मनुष्य उसी वस्तु के लिए उत्तरदायी हो सकता है जिस पर उसका अधिकार है, मैं अपने ह्रदय की स्वामिनी हूँ वह सदा आपके चिन्तन में निरत रहता है, अंगों पर मेरा काबू नहीं है, वे पराधीन ठहरे, रावण ने बलपूर्वक उनका स्पर्श कर लिया तो इसमें मेरा क्या अपराध है।[8] इस प्रकार मेरे चरित्र पर लाञ्छन लगाना कदापि उचित नही है। अत: अनेकों स्थानों पर बाल्मीकि जी हमें करूणा में डुबो देते है, कदम-कदम पर उन्होनें रामायण में करूणा का संचार किया है, इसलिये हम कह सकते है कि

रामायण महाकाव्य पूर्ण करूणा प्रधान होने से इसमें करूण रस की ही प्रधानता दिखलाई पड़ती है, यही इस महाकाव्य का प्रधान रस है।

महर्षि बाल्मीकि के करूण रस में महाकवि भवभूति ने जो ह्रदयविदारक करूणा का संचार किया है वह तो अतुलनीय है, अलौकिक है। वैसे तो उन्होने उपने तीनों ही नाटकों (काव्यों) में करूण रस का संचार किया है परन्तु भवभूति ने जो करूणा का अनुपम दृश्य उतर राम चरित्र में किया है वह अन्यत्र नहीं मिलता। वस्तुत करूण रस में भवभूति का वही स्थान है जो श्रृंगार रस में कालिदास का, भवभूति ने उतर राम चरित्र में स्वयं कहा है कि सभी रस करूण रस के ही स्पान्तर है। यही रस ही एक मात्र मुख्य रस है। जिस प्रकार एक ही समुद्र की जल कभी भंवर के रूप, कभी बुद्बुदों के रूप को तथा कभी तरंगों के रूप को धारण कर लेता है किन्तु वास्तव में वह जल ही है इसी प्रकार निमित भेद से करूण रस रसों के रूप को धारण कर लेता है।[9] मानव की अन्त स्थिति का जितना सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक विशलेषण भवभूति ने किया है वह हमें दुलर्भ दिखाई देता है। जगत् की नश्वरता को देखकर भवभूति के कारूण्य की धारा बह निकलती है, उन्होने उत्तर राम चरित में राम कथा मुख्य रूप से सीता परित्याग को लेकर अपनी भावनाओं को मूर्तरूप दिया है, उनकी वाणी में इतना बल है कि वृक्ष वनस्पति ही नहीं अपितु पर्वतों को भी रूला देने की क्षमता रखते हैं। नीरस व्यक्ति भी उतर राम चाति को पढ़कर अवश्य ही आंसूओं से आप्लावित हो जायेगा।

सीता हरण के बाद उनके वियोग में श्रीराम की वह दयनीय स्थिति थी कि पत्थर भी रो देते थे और वज्र का भी हृदय फट जाता था -

जैसा कि कहा गया है -

अथेदं रक्षोभिः कनक हरिणच्छद्मविधिना।
तथा वृतं पापैर्व्ययति यथा क्षालितमपि।
जनस्थाने शरन्ये विकलंकरणैरार्य चरितैः
अपि ग्रीवा रोदित्यपिदलति वज्रस्य ह्रदयम्।।[10]

अर्थात् रावण के द्वारा छद्म नीति का प्रयोग करके सीता का हरण किया गया, जो प्रतिकार किये जाने पर भी अभी तक व्यथित कर रहा है, सीता से शून्य इस जनस्थान में विकल बना देने वाले मूर्च्छा आदि व्यापार से पत्थर भी रो रहा है और वज्र का ह्रदय भी द्रवित हो रहा है।

राम अपने आप को ही कोसते हुए क्रहते हैं कि दुख का अनुभव करने के लिये ही राम ने जन्म लिया है। मर्मस्थल पर प्रहार करने वाले प्राण मेरे शरीर में मानो वज्र भी कील के समान गड़े हुए है।[11] सीता की अनुपस्थिति में राम इतना दुःखी होते है कि पीड़ा असहनीय हो जाती है। राम कहते है कि ह्रदय शोकजन्य पीड़ा के कारण विदीर्ण हो रहा है परन्तु दो भागों में नहीं बंट रहा, व्याकुल शरीर मुर्छित होता है परन्तु चेतना को नहीं छोड़ता। आंतरिक दाह शरीर को जला रहा है परन्तु भस्मसात नहीं करता और मर्मस्थल को विर्दीण करने वाला भाग्य प्रहार करता है परन्तु जीवन को सर्वथा नष्ट नहीं करता अर्थात राम कहना चाहते है कि इस कष्ट भय जीवन से तो मृत्यु ही अच्छी है।[12] भवभूति जानते है कि शोकाति रेक की दशा मे एकान्त में जी भर के रोने से चित हल्का हो जाता है। जिस प्रकार बढ़े हुए पानी के निकाल देने से तालाब का शोधन हो जाता है, इसी कारण राम के मन को हल्का करने के लिये उनकी अश्रुधारा निकालते है, कहा भी है - पुरोत्पीड़े तड़ागस्य परिवाहः प्रतिक्रिया[13] ओर भी कहते हैं पीडा से दुःखी होकर विक्षिप्त से राम का बार-बार मूर्छित होना और सीता को उन्हे देखकर व्याकुलता करूण रस को चरम सीमा पर पहुंचा देता है। परित्यक्ता सीता शोक सन्तप्त हे वह करूणा की मूर्ति दिखाई देती है वह मानो शरीरधारिणी विरहव्यथा है।[14] सीता के परित्याग से राम के हृदय की वही अवस्था थी जो पुरपाक से किसी धातु की होती है अर्थात गम्भीरता के कारण प्रकट होने वाला एवं हृदय के अन्दर छिपी हुई प्रगाढ़ वेदना से युक्त राम का शोक पुटपाक के समान है।[15] जिसमें व्यक्ति अन्दर ही अन्दर घुटता रहता है और वह दुःख फोड़ा बन जाता है। राम सीता को याद करके कहते है कि

हे सीता मेरा हृदय फट रहा है, अंग शिथिल हो रहे हैं। संसार सूना हो गया है, मेरा हृदय जल रहा है, घोर अन्धकार में मेरी आत्मा डूब सी रही है, मूर्छा मुझे चारों ओर से घेर रही है, मैं अभागा अब क्या करूं[16] अर्थात् मेरा शोक इतना बढ़ गया है कि मुझे चारों ओर अन्धेरा ही अन्धेरा दिखाई दे रहा है।

इस प्रकार भवभूति ने उत्तररामचरित में करूण रस की जो मन्दाकिनी प्रवाहित की है, वह वास्तव में संस्कृत साहित्य की एक अभूतपूर्व एवं अमूल्य नीधि है। इस मन्दाकिनी की अविरल धारा में सीता का परित्याग जन्य मालिन्य सदा के लिये धुल जाता है और दो हृदयों का सच्चा अनुसंधान हो जाता है। भवभूति के करूण रस का यही प्रभाव है कि जड़ भी चेतन और चेतन भी जड़ हो जाते है कहा भी है-

जड़ानामपि चैतन्य भवभूतेरमूदगिरा।
ग्रावाप्यरोहति पार्वत्या हसतः स्मस्तनावपि।।[17]

वास्तव में उतर राम चरित का सारा कथानक और वातावरण करूण रस से व्याप्त है। यद्यपि बाल्मीकि, व्यास, कालिदास, भरत आदि ने भी करूण रस का वर्णन किया है, पर इस क्षेत्र में कोई भी कवि भवभूति की बराबरी नहीं कर सकता। अतः ''कारूण्यं भवभूतिरेव तनुते''यह पंक्ति भवभूति की करूणा को सार्थकता प्रदान करती है। इस लिये अनेक विद्धानों ने भवभूति को करूण रस प्रधान कवि के रूप में कालिदास से भी श्रेष्ठ माना है। वैसे तो भवभूति ने बाल्मीकि तथा कालिदास दोनों के काव्यों का गम्भीर अनुशीलन किया है बाल्मीकि के करूण रस को व्यापकता भवभूति ने ही है। करूणा के क्षेत्र में भवभूति बाल्मीकि से कहीं आगे निकल गये। महाकवि राजशेखर ने तो भवभूति का बाल्मीकि का ही नवीन अवतार माना है।[18]

इस प्रकार हम कह सकते है कि बाल्मीकि के मुख से अचानक निकले हुए करूण शब्दों ने रामायण मे करूणा का ही संचार किया है, बाल्मीकि जी ने रामायण में सभी रसों का समन्वय दिखलाया है यहां उन्होनें करूण रस के साथ-साथ वीर रस को भी उतना ही महत्व दिया है परन्तु महाकवि भवभूति ने तो करूण रस को करूणा में परिवर्तित कर दिया, सीता के वियोग में राम के माध्यम से कवि ने जो शोक विहल राम की पीड़ा को दर्शाया है उसे देखकर सामान्य जन तो क्या पशु-पक्षी, पेड़ पौधे और तो और पत्थर भी रोए हैं और भवभूति ने बज्र के हृदय को भी विदीर्ण होते हुए दिखलाया है। इन्हीं करूण उक्तियों की चोट से क्षुब्ध होकर गोवर्धनाचार्य ने भवभूति ने भारती को भूधर की कन्या बतलाया है। प्यारी पुत्री का रूदन सुनकर किस पिता का हृदय द्रवित होकर आसुओं के रूप में नहीं वह निकलेगा।

एको रसः करूण एवं निमितभेदात् इस कथन का मूल हमें बाल्मीकि के अन्दर ही खोजना चाहिए।

संदर्भ----------

1. रामायण, बालकाण्ड, 2-15
2. समाक्षरैक्षतुर्भिर्यः पादैर्गीतो महर्षिणा।
   सोडनुव्याहरणाद्भूयः शोकः श्लोकत्वमागतः।। रामायण - 1/2/40
3. रघुवंश : 14/70
4. आन्दवर्धन - ध्वन्यलोक - 1/5
5. आन्दवर्धन - ध्वन्यलोक - उद्योत 4, पृ. 237
6. इयं सा यत्कृते रामः चतुर्भिः परितप्यते, कारूणयेनानृशंस्येन शोकेनमदनेन च। (बा. बा. 1/15/48, 49)
   स्त्री प्रणष्टेति कारूण्यादाश्रितेस्यानृशस्यतः, पत्नीनष्टेति शोकेन प्रियेति मदनेन च,
7. देशे-2 कलरात्रि देशे च बान्धवाः। तं तु देशं न पश्यामि यत्रभ्राता सहोदरा।
8. मदधीनं तु यत्तन्मे हृदयं स्वयि वतेर्त।
   पराधीनेषु गात्रेषु किं करिष्यामनीश्वराः। रामायण 1/47
9. एको रसः करूण एवं निमित मेदात्, भिन्नः पृथक् पृथगिवश्रयते विवर्तान।

आवर्त बुद्बुदतरंगमयान विकारानम्भो, यथा सलिलमेव हितत्समस्तम। उत्तरराम चरित 3.47

10. उतर राम चरित - 1-28.
11. उतर राम चरित - 1-47.
12. दलति हृदयं शोकोद्वेगाद द्धिधा तु न भिद्यते।
वहति विकल: कायो मोहं न मुञ्चति चेतना।
ज्वलयति तनुमन्तर्दाह: करोति न भस्मसात्।
प्रहरति विधमर्मच्छेदी न कृन्तति जीवितम्।। उतरराम चरित 3-31
13. उपरिवत्
14. करूणस्य मूर्तिरथवा शरीरिर्णा
विरह व्यथेव वनमेति जानकी। उतरराम चरित
15. अनिर्भिन्नो गम्भीरत्वादन्तगुर्ढ़धन व्यथ:।
पुटपाक प्रतीकाशो रामस्य करूणो रस:।। उतरराम चरित 3-1
16. हा हा देवि: स्फुटति हृदयं ध्वंसतेदेहवन्ध:।
शून्यं मन्ये जगदविरलज्वालमन्तर्ज्वालामि।
सीदन्नन्धे तमसि विधुरो मण्जतीवान्तरात्मा
विश्वड्मोह: स्थगयति कथंमन्दभाग्य करोमिं। उतरराम चरित 3/38
17. बलदेव उपाध्याय-संस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ.556
18. बलदेव उपाध्याय-संस्कृत साहित्य का इतिहास। पृ. 565

AAYUSHI INTERNATIONAL INTERDISCIPLINARY RESEARCH JOURNAL (AIIRJ)
ISSN 2349-638x (Peer Review and Indexed Journal) IMPACT FACTOR 7.149
Devgiri Nagar , Ambejogai Road,Latur
Tq. Latur, Dis. Latur Pincode 413512
State Maharashtra, India
Email ID's: editor@aiirjournal.com , aiirpramod@gmail.com
Website: www.aiirjournal.com

Certificate of Publication

Awarded to

Dr. HARPINDER KAUR

&

SEEMA GUR

For Contributing Research Paper

" ASSESSING THE ROLE OF ARYA SAMAJ IN EDUCATIONAL EMPOWERMENT OF WOMEN IN PUNJAB "

In the

AAYUSHI INTERNATIONAL INTERDISCIPLINARY RESEARCH JOURNAL (AIIRJ)

Online Monthly Peer Review & Indexed Journal with ISSN 2349-638x (Impact factor 7.149)

for the month of **June 2021 Volume: VIII Issue: VI**

Pramod Prakashrao Tandale

(Chief Editor)

Sudhi
today at 9:37 am

37
39

21-22

Aadhar Social Research & Development Training Institute, Amravati.

CERTIFICATE

ISSN 2278-9308

Impact Factor 7.675 (SJIF)

This is to certify that Prof./Dr./Mr./Mrs./Ms. Sudhi Gandhi[1], Dr. Neelam Sharma[2]

Of [1]Research scholar, Dept of History, Tantia University, SGNR [2]Research supervisor, Dept of History Tantia University, SGNR

has published a paper on An Analytical Approach to1935 ACT In Constitution

Peer Reviewed International Research Journal B.Aadhar Issue no.294. Published on Dated

01 June - 2021.

Prof. Virag Gawande
Director
Aadhar Social Research &
Development Training Institute, Amravati

IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

वैदिक संस्कृति में धर्म का स्वरूपः एक अध्ययन

डॉ. रणधीर कौशिक, (सह आचाय)
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
राजकीय रणबीर महाविद्यालय
संगरूर। (पंजाब)

भारतीय मनीषियों ने मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक, भौतिक एवं नैतिक दृष्टि से उन्नत करने के लिये अनेकों सिद्वान्तों की व्याख्या की है। जीवन में आध्यात्मिक एवं भौतिक सुख दोनों का अहम् स्थान है। इन दोनों का समन्वित रूप ही जीवन को समुन्नत करता है। पुरूषार्थ मनुष्य वह आधार है जिसके माध्यम से वह अपना जीवन जीता है। पुरूषार्थ से व्यक्ति के जीवन का विकास तो होता ही है साथ–साथ समाज का विकास भी होता है। भारतीय संस्कृति में पुरूषार्थ चतुष्टय में सबसे अधिक महत्व धर्म और मोक्ष को ही दिया गया है। परन्तु सर्व प्रथम भारतीय संस्कृति का मूल आधार धर्म को ही माना गया है। व्यक्ति धर्म का अनुसरण करता हुआ ही अपने मुख्य लक्ष्य तक पहुँचता है।

भारतीय परम्परा में धर्म का महत्व विश्व विख्यात है। सामान्य रूप से व्यक्ति को यह सिद्वान्त मात्र ही प्रतीत होता है परन्तु वास्तव में यह हमारे सर्वांगिंण विकास का आधार है। इसके बिना हम व्यक्तित्व विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते।

यहां पर सर्वप्रथम प्रश्न उठता है कि यह धर्म क्या है? यहां भारतीय परम्परा के अनुसार 'धर्म' शब्द की व्युत्पति धृ धातु से हुई है जिसका सामान्य अर्थ है धारण करना।1 प्राचीन भारतीय धर्म ग्रन्थों में धर्म के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन हुआ है।

सर्व प्रथम ध्रियते लोक अनेन इति धर्मः[2] अर्थात् जिसे लोक या संसार को धारण किया जाये वह धर्म है। दूसरे अर्थो में धरति धारयति का लोकः इति धर्मः[3] अर्थात् जो लोक को धारण करता है, वह धर्म है। अन्य अर्थ में हम कह सकते है – ध्रियते यः य धर्मः[4] अर्थात् जो दूसरों से धारण किया जाये वह धर्म है। अमर कोश के अनुसार भी धर्म शब्द के अनेक अर्थ है। जैसे सुकृत, पुण्य, न्याय, स्वभाव, आचार आदि5 आचार्य यास्क ने धर्म शब्द का अर्थ नियम बताया है।6 अर्थात् जिस नियम ने इस लोक या संसार का धारण कर रखा है वह धर्म है।

वैदिक संहिताओं में 'ऋत' को ही धर्म माना गया है वही सत्य है, इसी को नैतिक व्यवस्था का पर्याय बताया गया है, तभी तो हम कहते है कि 'वेदोऽखिलो धर्म मूलम अर्थात् वेद ही धर्म के प्रतिपादक है, इन्ही से सुख की प्राप्ति होती है जैसे कि कहा भी गया है कि धर्मः सुखस्यमूलम अर्थात् धर्म ही सुख का आधार है। भगवान ने वेदों के आधार पर ही सृष्टि की रचना की है तथा भारत की संस्कृति वेदमूलक है, वेद ही धर्म का मूल है। वेद मूलक स्मृति, सदाचार ही धर्म में प्रमाण है। महाभारत के अनुशासन पर्व में आचार अथवा सदाचार को धम का लक्षण माना गया है तथा आचार से ही धर्म का फलीभूत होना बताया है। कहां भी है–

आचार लक्षणों धर्मः सत्तश्चारित्रलक्षणः।7

साधूनां च यथा वृतमेत्दाचारलक्षणम्।।

धर्म के अनुपालन में ही समस्त मानवता का कल्याण निहित है। नैतिक एवं उत्तम आचरण ही धर्म के आधार स्तम्भ है। धर्म एक मर्यादा है जो अर्थ एवं काम को सीमित परिधि में निबद्ध कर व्यक्ति को पथभ्रष्ट होने से रोकती है एवं समय–2 पर व्यक्ति के वास्तविक कर्त्तव्य का बोध कराती है। प्राचीन काल में सम्पूर्ण सामाजिक एवं नैतिक अवधारण्णा से धर्म में मानवीय कल्याण की भावना निहित थी। महाभारत के शान्ति पर्व में कहा गया है जिन सिद्वान्तों क अनुसार व्यक्ति अपना दैनिक जीवन व्यतीत करता है जिसके द्वारा सामाजिक बन्धनों की स्थापना होती है वही धर्म है। यही जीवन का सत्य है एवं हमारी प्रकृति को निर्धारित करने वाली शक्ति है। वेद व्यास जी और भी लिखते है– दुष्ट मनुष्य के दर्शन से, स्पर्श से, उनके साथ वातालाप करने से तथा एक आसन पर बैठने से धार्मिक आचार नष्ट हो जाते है तथा मनुष्य किसी कार्य में सफल नहीं होता है8 और भी कहते है – धर्म एवं हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः। तस्माद्वर्म न त्यजामि मा नो धर्मो हतोऽवधीत।9 अर्थात् धर्म ही आहत् होने पर मनुष्य को मारता है और वही पालन किया जाता हुआ रक्षा करता है अतः हमें धर्म को नहीं त्यागना चाहिये नहीं तो धर्म ही हमारा वध कर डालेगा।

आगे भी कहते हैं कि धारण करने से लोग इसको धर्म कहते है धर्म प्रजा को धारण करता है, जो धारणा के साथ रहे वही धर्म है।[10] श्रीमद्भगवद् में भी स्पष्ट कहा है– वेदप्रर्णिहतो धर्मो हयधर्मस्तद्विपर्ययः11 अर्थात् वेद में कहा हुआ ही धर्म है उसके विपरीत अधर्म है। भगवान ने ही धर्म रूपी नियमको बनाया है। वे स्वयं ही उसी पर नियंत्रण रखते है या रखवाते है, यहां तक कि वे धर्म की हानि को देखकर स्वयं अवतार धारण करते हैं जैसा कि उन्होनें गीता में डके की चोट पर कहा है कि हे अर्जुन जब–जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्वि होती है तब–तब मैं इस सृष्टि का सृजन करने के लिये अवतार धारण करता हूँ। साधुओं, सन्त, महात्माओं की रक्षा तथा दुष्टों का विनाश करने के लिये तथा धर्म को पुनः स्थापना हेतु

मैं इन तीनों कामों के लिये प्रत्येक युग में प्रकट होता हूँ।[12] इसलिये हम कह सकते है कि धर्म की रक्षा करने वाले, धर्म को बनाने वाले और समस्त धर्मों के आधार स्वयं भगवान ही है। रामायण के अयोध्या काण्ड में भी महर्षि बाल्मीकि ने धर्म को सत्य मान कर उसको ईश्वर स्वरूप माना है, उनके अनुसार जगत् में सत्य ही ईश्वर है, सदा सत्य के आधार पर ही धर्म की स्थिति रहती है, सत्य ही सबकी जड़ है, सत्य से बढ़कर कोई उत्तम गति नहीं है। दान, यज्ञ, होम, तपस्या और वेद इन सब का आश्रय धर्म है, इसलिये सबको सत्य स्वरूप धर्म का आचरण करना चाहिये।[13] जैसा कि कहा भी है–

सत्यमेवेश्वरो लोकेसत्ये धर्मः सदाऽऽश्रितः।
सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम्।।
दतंयिष्टं हुतं चैव तप्तानि च तंपासि च।
वेदाः सत्यप्रतिष्ठानास्तस्मात्सत्यपरो भवेत।।

रामायण में तो श्री राम ही साक्षात् धर्म के विग्रह स्वरूप हैं।[14] श्रीराम के राज्य में प्रायः सभी मनुष्य परस्पर प्रेम करने वाले तथा नोति, धर्म, सदाचार और ईष्वर की भक्ति में तत्पर रहकर अपने–अपने धर्म का पालन करने वाले थे। वैशेषिक दर्शन में भी सदाचार को ही धर्म का स्वरूप माना है, वह लोक एवं परलोक में कल्याण करने वाला जो अनादि काल से ही चला आ रहा है, उसी से मनुष्य का कल्याण होता है। उसी से लौकिक उन्नति तथा पार लौकिक कल्याण की प्राप्ति होती है।[15]

याज्ञवल्क्य ऋृषि धर्म के विषय में बताते हुए कहत हैं कि मनुष्य के जो प्रमुख कर्तव्य हैं वही उसके धर्म हैं। इनके अनुसार –

अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
दानं दया दमः क्षान्ति सर्वेषां धर्म साधनम्।।[16]

अर्थात् किसी भी प्राणी को पीड़ा न पहुँचाना, सच बोलना, बिना दिया हुआ कुछ न लेना अर्थात् चोरो न करना, शरीर और मन की शुद्धि इन्द्रियों को वश में लाना, यथाशक्ति दान देना, विपत्ति में पड़े हुये की रक्षा करना, अपने मन को वश में रखना, अपना उपकार हो जाने पर भी क्रोध न प्रकट करना, ये सब धर्म के लक्षण हैं, अन्य स्मृतिकारों ने भी धर्म के इन्हीं लक्षणों को स्वीकार किया है।

मनु महाराज ने धर्म की विस्तृत व्याख्या की है उन्होने धर्म का मूल वेदों को माना है क्यों भारतीय संस्कृति वेदमूलक है। कहा भी है–

वेदो ऽखिलो धर्म मूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्।
आचारश्रैव साधुनामात्मनस्तुष्टिरेव च।।17

